an>

Title: Regarding implementing the Cluster Development Schemes for repair of house.*

श्री राजन विचारे (ठाणे) : सभापति जी, मैं सदन का ध्यान बड़े ही महत्वपूर्ण विÂ◌ाय की तरफ आकर्Â◌ि◌ात करना चाहता हूं जिसका संबंध मेरे संसदीय क्षेत्र ठाणे से है। कल आधी रात को करीब सवा दो बजे मेरे संसदीय क्षेत्र ठाणे के डी-केबिन परिसर में कृÂणा निवास अपार्टमेंट की तीन मंजिल इमारत गिर गई। इस भयंकर दुर्घटना में 12 लोगों की मौत हो गई एवं लगभग सात लोगों के घायल होने की जानकारी है। मृतकों में छह पुरुÂ◌ा और छह महिलाएं हैं। मेरे संसदीय क्षेत्र ठाणे शहर में जर्जर इमारतों की संख्या 2697 है और मेरे मीरा भायेन्द्र में जर्जर इमारतों की संख्या 16 है और नवी मुम्बई में जर्जर इमारतों की संख्या 92 है। महाराÂट्र सरकार की तरफ से क्लस्टर डेवलपमेंट के लिए आदेश हो चुका है लेकिन अभी तक इस आदेश का क्रियान्वयन नहीं हो पाया है जिसके कारण सैकड़ों लोग इन जर्जर इमारतों में रहने के लिए मजबूर हैं।

मैं सदन के माध्यम से केंद्र सरकार से अनुरोध करता हूं कि कृपया करके महाराÂट्र सरकार को निर्देश दे कि महाराÂट्र सरकार ने जो जर्जर इमारतों के लिए क्लस्टर डेवलपमेंट की योजना मंजूर की है, उस योजना को तुरंत लागू करे और इस घटना में मारे गए लोगों को आर्थिक मदद करने के लिए मुआवजा दे।